B.com ~~Part~~ — II MJC - Semester II

Busines Organisation & Managment (1)

Line organisation — रेखा संगठन

Q:- रेखा संगठन क्या है। रेखा संगठन की विशेषता बताइये।

Ans:- रेखा संगठन का अर्थ — Meaning of line organisation

यह संगठन का सबसे प्राचीन व सरल प्रारूप है। इस संगठन को कई नामों से पुकारा जाता है, जैसे सैनिक संगठन (Militry organisation) विभागीय संगठन (Departmental organisation) लम्बवत संगठन (Vertical organisation) आदि। संगठन के इस रूप का मूल आधार यह है कि इसमें अधिकार एक सीधी रेखा में ऊपर से नीचे की ओर चलते हैं तथा उत्तरदायित्व व नीचे से ऊपर की ओर एक सीधी रेखा में प्रवाह होता है।


इस प्रकार अधिकारों व उत्तरदायित्वों का प्रवाह एक निश्चित एवं सीधी रेखा में होता है। इस कारण इसे रेखा संगठन कहते हैं। इस संगठन में विभिन्न स्तरों पर काम करने वाले व्यक्तियों के बीच स्पष्ट, प्रत्यक्ष एवं औपचारिक सम्बन्ध होते हैं। इसलिए इसे लम्बवत संगठन के नाम से पुकारते हैं। इसे सैनिक संगठन इसलिए कहते हैं कि इस प्रकार के संगठन का प्रयोग का आरम्भ सेना से हुआ था। सैनिक संगठन में यदि कोई आदेश देना होता है तो वह सर्वोच्च अधिकारी से निरन्तर और निरन्तर और अधिकारियों द्वारा अन्तिम सैनिक पंक्ति तक पहुँचता है। इस संगठन को विभागीय संगठन इसलिये कहते हैं क्योंकि इस संगठन में संस्था के कामों का विभाजन अनेक विभागों में कर दिया जाता है। प्रत्येक विभाग स्वतंत्र होता है। और उसका एक अधिकारी होता है। यह अधिकारी अपने विभाग के लिए स्वयं पूर्ण रूप से उत्तरदायी होता है।

मैकफरलैंड के शब्दों में, "रेखा संरचना में प्रत्यक्ष शीर्ष रेखा सम्बन्ध होते हैं जो प्रत्येक स्तर की स्थिति एवं उन स्तरों के ऊपर नीचे के मार्गों के साथ सम्बन्ध स्थापित करता है।"

एल० ए० ऐलन के अनुसार — "रेखा संगठन को आदेश सम्प्रेषण एवं उत्तरदायित्व की श्रृंखला है।"

इसे चित्र के माध्यम से दर्शाया गया है —

रेखा संगठन के अधिकार और दायित्व का प्रवाह



classmate
Date
Page

(3)

## रेखा संगठन की विशेषताएं

रेखा संगठन के निम्नलिखित विशेषताएं है —

(I) इस संगठन में आदेश ऊपर से नीचे की ओर एक रेखा में चलते है तथा निवेदन नीचे से ऊपर की ओर पहुँचते है।

(II) अधीनस्थो को आदेश केवल एक अधिकारी द्वारा दिये जाते है इसलिए आदेश में एकरूपता रहती है।

(III) प्रत्येक कर्मचारी को आदेश उसके निकटतम अधिकारी द्वारा प्राप्त होते है तथा उसके प्रति ही उत्तरदायी होता है।

(IV) प्रत्येक अधिकारी के नियंत्रण में अधीनस्थ कर्मचारियों की संख्या सीमित होती है।

(V) संगठन का यह सबसे आसान व प्राचीन प्रकार है।

(VI) सभी कार्यों का दायित्व सर्वोच्च अधिकारी का होता है।

(VII) इसमें अधिकारियों व अधीनस्थों के बीच प्रत्यक्ष लम्बवत सम्बन्ध होते है।

(VIII) अधिकार सत्ता सर्वोच्च अधिकारी के पास केन्द्रित होती है।

(IX) सर्वोच्च अधिकारी का मुख्य कार्य आदेश देना एवं उनका दूसरो से पालन कराना है।

× ———— × ———— ×

Dr. Raj Kumar Prasad
Associate Professer
Deptt. of Commerce
Shershah College
SASARAM